Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:29 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 231 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 7 मार्च 2024



अजय देवगन ने शैतान के...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## भाजपा नेता यादव की गोली मारकर हत्या

जौनपुर। जौनपुर में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिले में भाजपा नेता की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। घटना को लेकर कोहराम मचा है। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।
उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले से बड़ी खबर आ रही है। जिले के बोधापुर गांव निवासी भाजपा के किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव (55) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मौजूदा समय में भाजपा संगठन के जिला महामंत्री थे। घटना को लेकर इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। भाजपा नेता की हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई।
पुलिस टीम आनन-फानन मौके पर पहुंची और छानबीन कर रही है।
प्रमोद यादव को अज्ञात बदमाशों ने गुरुवार की सुबह उनके घर के बाहर ही गोली मार दी। बदमाशों ने उन्हें तीन गोलियां मारीं और घटनास्थल से कुछ दूर आगे बाइक छोड़ फरार हो गए। वहीं, प्रमोद को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौके पर बदमाशों की बाइक को कब्जे में लेकर पुलिस जांच में जुटी है।

कांवडिए जल लेकर अपने गंतव्य को निकले

# हरिद्वार हर की पैड़ी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



देहरादून/हरिद्वार
हमारे संवाददाता

हरिद्वार हर की पैड़ी पर कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ी है। भोलेनाथ के भक्तों ने गंगा स्नान किया और महाशिवरात्रि के लिए जल लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। हर हर महादेव के जयकारे हरिद्वार नगरी में चारों तरफ गूंज रही है।

अलग-अलग तरीके से आकर्षक कांवड़ सजाकर जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं। कुछ महाकाल का स्वरूप धारण कर पहुंचा है। महाशिवरात्रि पर 72 साल बाद इस बार तीन योगों का संयोग है। महाशिवरात्रि के दिन ही प्रदोष व्रत भी है। पंडितों के अनुसार महाशिवरात्रि के व्रतियों पर शिव कृपा बरसेगी। फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि यानी महाशिवरात्रि इस बार 8 मार्च को है। महाशिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग, चतुर्ग्रही योग और शिव योग बन रहा है। आचार्य सुशांत राज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर इन तीन योगों का एक ही दिन पर बनना अद्भुत संयोग है। इस साल महाशिवरात्रि काफी शुभ फल देने वाली मानी जा रही है।

इसके साथ ही महाशिवरात्रि के दिन शुक्र प्रदोष व्रत भी है। इस दिन व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा करने से सभी सुख की प्राप्ति होगी। सर्वार्थ सिद्धि योग में भगवान शिव का व्रत करने और पूजा करने से हर कार्य में सफलता मिलती है। यह योग शुक्रवार को पड़ने से और फलदायी होगा। इसके अलावा इस दिन शिव योग का संयोग बन रहा है। शिव योग में साधना, मंत्र, जप शुभ फलदायी होते हैं। आचार्य ने बताया कि भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए अपनी राशि अनुसार ज्योतिर्लिंग की पूजा करनी चाहिए। जो भक्त किसी कारण ज्योतिर्लिंग जाकर पूजा नहीं कर सकते, वे अपनी राशि अनुसार घर पर ही ज्योतिर्लिंग का चित्र लगाकर पूजा कर सकते हैं।

# प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का जिला कार्यकारिणी का विस्तार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा आज जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता जी की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा भीमताल से प्रवीण पटवाल जी को जिला उपाध्यक्ष और हल्द्वानी से राजेन्द्र सिंह बिस्ट (संजू पाना) को जिला सचिव पद पर मनोनीत किया गया, उनके मनोनय पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा, पंकज कंसल,नदीम खान, जिला कोषाध्यक्ष लाला जायसवाल, सह जिला कोषाध्यक्ष विजय तिवाड़ी, जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी, प्रमोद भट्ट, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल,जिला महिला अध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा युवा महानगर अध्यक्ष पवन वर्मा सहित व्यापारी प्रतिनिधियों ने बधाई दी।दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी द्वारा संगठन का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के संविधान का अनुश्रवण कर व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।साथ ही जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता जी की संस्तुति पर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ग्रामीण इकाई मुखानी -कुसुमखेड़ा को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है,उन्होंने बताया कि उक्त इकाई का कार्यकाल समाप्त होने पर इकाई को भंग किया गया है। जल्द ही मुखानी -कुसुमखेड़ा की नई कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा।

## पर्स चुराता चोर रंगे हाथ पकड़ा

**हल्द्वानी।** जेब से पर्स चुरा भाग रहे उच्चके को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शीशगढ़ बरेली निवासी मैसर खान पुत्र इंद्र खान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि तड़के एक उच्चके ने उसकी पेंट की जेब से पर्स निकाल लिया। पर्स निकलने का अंदेशा होने पर उसने और उसके साथ ने पीछा कर उच्चके को एफसीआई गोदाम मंडी के पास पकड़ लिया। उसके पास से चुराया पर्स भी बरामद कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उच्चके मोहम्मद अमन पुत्र मोहम्मद हरीन निवासी काबुल गेट वार्ड 14 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# सरकारी वेबसाइट, पत्राचार में चुनाव का पर्व देश का गर्व का लोगो लगाना जरूरी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जनपद नैनीताल के मतदाताओं के साथ ही समस्त प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए स्वीप टीम विशेष अभियान चला रही है।

मुख्य विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी स्वीप अशोक पांडे ने विकास भवन भीमताल के सभागार सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान सीडीओ ने लोकसभा निर्वाचन में जिले के सभी कार्मिकों को शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए शपथ दिलाई।

साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने नैनीताल के समस्त प्रवासी मतदाताओं को दूरभाष से मतदान के लिए जागरूक करने के अभियान का शुभारंभ किया। जनपद नैनीताल के मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढाने हेतु स्वीप के ब्लाक नोडल अधिकारियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, रंगोली, पोस्टर बैनर, तथा बूथ एवरेनस कार्यक्रम के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने विभाग से सम्बन्धित समस्त वेबसाइटों तथा प्रत्येक विभागीय पत्राचार में चुनाव का पर्व देश का गर्व का लोगो अनिवार्य रूप से अंकित किया जाय। इसके अलावा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सोशल मिडिया के माध्यम से भी जनता को मतदान हेतु जागरूक करने हेतु कहा गया।

## नगर निगम के पास बजट नहीं, दुरुस्त कैसे होंगी सड़कें

**हल्द्वानी।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने का समय नजदीक आ गया है। ऐसे में शहर की बदहाल सड़कों की हालत में सुधार होना संभव नहीं लगता। वहीं निगम अधिकारी भी बजट न होने को इसका कारण बता रहे हैं।

वार्ड-पांच पॉलीशिट तुलसीनगर समेत तमाम क्षेत्रों में लंबे समय से बदहाल पड़ी सड़कें दुरुस्त नहीं हो पाई है। नगर निगम के सहायक अभियंता नवल नौटियाल ने बताया कि तमाम वार्डों में सड़कों की मरम्मत की जानी है, इस संबंध में निगम में शिकायत भी दर्ज कराई गई है लेकिन बजट न होने के कारण कार्य नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने बताया कि कम मरम्मत वाली सड़कों को दुरुस्त कराया जा रहा है। इधर पॉलीशिट के पूर्व पार्षद मुन्ना पोखरिया ने बताया कि तुलसीनगर में बदहाल करीब 100 मीटर सड़क की मरम्मत के लिए एक माह पहले सीएम पोर्टल में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, इसके बावजूद इसकी सुध किसी ने नहीं ली।

## NEWS / फटाफट

### नौ अधिकारियों का मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोन्नति

**नैनीताल ।** जल संस्थान के 9 वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हुई है। मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग की ओर से जारी आदेश में जीएम आफिस भीमताल में तैनात भास्कर पंत, अल्मोड़ा शाखा के देवेंद्र सिंह बिष्ट, रामनगर शाखा के नारायण सिंह अधिकारी, लालकुआं शाखा के पुष्कर चंद्र, पौड़ी में तैनात अनुज कुमार, मसूरी में तैनात मनीष कुमार, टिहरी में तैनात राजेंद्र नेगी, रुद्रप्रयाग में तैनात राजेंद्र प्रसाद व हरिद्वार में तैनात अनिल कुमार शर्मा की पदोन्नति मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पद पर हुई है। पदोन्नत अधिकारियों ने प्रबंध तंत्र का आभार जताया है।

### निरीक्षक हिमांशु को एसआई का अतिरिक्त पदभार



**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद के एसआई को भीमताल प्रभारी ईओ बनाये जाने के बाद रिक्त पड़े एसआई के पद पर कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा की नियुक्ति कर दी गई है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (आईएएस) राहुल आनंद ने बताया कि पर्यटन नगरी व जिला मुख्यालय होने के चलते नगर में सफ ाई की व्यवस्था को दुरस्त रखने के लिए रिक्त एसआई के पद पर जल्द तैनाती करनी जरूरी थी,जिसके लिए शासन स्तर से नियुक्ति नहीं होने तक कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा को एसआई का अतिरिक्त पदभार दिया गया है।

### 31 तक होम लोन अभियान जारी किया

**नैनीताल ।** नैनीताल बैंक के एसोसिएट वाईस प्रेसीडेंट संजय गुप्ता ने बताया कि नैनीताल बैंक ने 1 मार्च 2024 से लेकर 31 मार्च 2024 तक होम लोन अभियान जारी किया है। अभियान के तहत नैनीताल बैंक 30 साल तक का लोन मात्र 8.40 फीसदी की कम दरों में दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत होम लोन टेकओवर में किसी भी प्रकार का शुल्क बैंक द्वारा नहीं लिया जायेगा। बताया कि बैंक की ओर से संपूर्ण जानकारी मिलने पर बैंक मात्र 15 मिनट में लोन की स्वीकृति प्रदान करेगा। कहा कि जिस भी व्यक्ति का लोन किसी और बैंक में चल रहा है वह भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, साथ ही साथ बैंक ने खाद व कृषि प्रसंस्करण इकाइयों को सरल शर्तों पर ऋण देने के लिए वेयर हाउस रसीद के तहत ऋण योजना चालू की है। जिसके तहत खाद एवं कृषि प्रसंस्करण इकाइयों को रुपए 15 करोड़ तक का ऋण आकर्षक ब्याज दरों पर गोदाम व भण्डारण तथा कोल्ड स्टोरज में स्टॉक की रसीद के आधार पर दिया जायेगा।

### जन संवाद कार्यक्रम में सुनीं समस्याएं

**भीमताल।** भीमताल ब्लॉक कार्यालय सभागार में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट द्वारा आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में आए ग्रामीणों व जन प्रतिनिधियों की समस्याओं को सुना गया। विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता से समस्याओं को हल करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान ग्रामणों ने बताया पूर्व में सूखा पड़ने व विगत दिवस हुई भारी ओलावृष्टि बारिश से फसलों व बागवानी में लगने वाला फूल नष्ट हो गया है। कहा कि 15 लाख की लागत से बने चुनौती नौकुचियालाल में गेस्ट हाउस का ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट गुरुवार (आज) लोकार्पण कर जनता को सौंपेंगे। इस दौरान डा.बिष्ट ने सरकार द्वारा मेरी योजना पुस्तक का वितरण ग्राम प्रधानों को किया। जनसंवाद में पेयजल, कृषि, सडक, मनरेगा, बिजली व पैंशन के मुद्दे छाए रहे। विगत दिवस हुई वर्षा में अनेकों स्थानों पर लाइट की समस्या को विभाग को ठीक करने के निर्देश दिए।

### डब्ल्यूएचओ टीम ने पोलियो अभियान का जायजा लिया

**नैनीताल ।** डब्ल्यूएचओ की टीम ने बुधवार को नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में टीकाकरण व पोलियो अभियान का जायजा लिया। बुधवार को डब्ल्यूएचओ की कुमाऊं मंडल की टीम जिला अस्पताल पहुंची जहां टीम ने बच्चों के टीकाकरण व पोलियो अभियान के तहत हुए कार्य की समीक्षा की । जिला अस्पताल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव खर्कवाल ने बताया कि टीम बच्चों को लगने वाले टीके व पल्स पोलियो अभियान की मानिटरिंग करने अस्पताल आई थी। इस दौरान टीम ने अस्पताल व शहर में चल रहे पल्स पोलियो अभियान का भी जायजा लिया, साथ ही प्रत्येक बच्चे को पोलियो की ड्रॉप पिलाने के भी निर्देश दिए। इधर हैल्थ विजिटर विद्या शुक्ला ने बताया कि नैनीताल शहर में बूथ लगाकर व तल्लीताल व मल्लीताल में 24 टीमों ने 454 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई।





# नारी न्याय सम्मेलन का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर महिला कांग्रेस नैनीताल के तत्वावधान में बुधवार को नारी न्याय सम्मेलन का आयोजन अयारपाटा में महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष डॉ. भावना भट्ट के आवास में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने तथा संचालन डॉ. भावना भट्ट ने किया। सम्मेलन में सामाजिक कार्यों के लिए नगर की विभिन्न नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाली नारी शक्ति में नर्सिंग के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शशि कला पांडेय, प्रमुख राज्य आंदोलनकारी मुन्नी तिवारी, उषा पंत ,डॉ. सरस्वती खेतवाल, निवर्तमान सभासद सपना बिष्ट, निर्मल चंद्रा, रेखा आर्या को शाल ओढाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महिला कार्यकर्ताओं से चर्चा कर सभी महिला कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ पर मजबूती से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आशा भट्ट, लता तरुण, भगवती बिष्ट, लीला जोशी, तुलसी बिष्ट, धनी दुम्का, शांति तिवारी, उषा कनोजिया, सुनीता आर्य, गीता मंडल, ईसा, चिश्ती, माया पंत,सायरा खान,कमला फ र्त्याल व बबीता आदि महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# विवि के सभी संकायाध्यक्षों एवं सभी विभागाध्यक्षों की बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सरोवर नगरी मे कुमाऊं विवि के प्रशासनिक भवन के सभागार में बुधवार को विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्षों एवं सभी विभागाध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि शिक्षण संस्था के मूल में विद्यार्थी हैं। सदैव उनके कल्याण और लाभ को ध्यान में रख कार्य करने हैं। समय पर पठन-पाठन हो तथा आंतरिक परीक्षाएं समय पर एवं पारदर्शी व शुचितापूर्ण कराई जाएं। समय पर सारे कार्यालय खुलें तथा सभी कार्य नियमानुसार समय से हों।

कुलपति प्रो0 रावत ने कहा कि वे स्वयं नियमित रूप से सभी विभागों एवं महाविद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। विश्वविद्यालय के सभी पक्षों के साथ नियमित रूप से सभी विभागों से संवाद करेंगे। सभी पक्षों की आपसी सहमति से सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि इस वर्ष से प्रत्येक विभाग में स्नातकोत्तर कक्षाओं के दो छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान प्रति माह 7500 रुपये की वाइस चांसलर इंटर्न फेलोशिप प्रदान की जायेगी। वाइस चांसलर इंटर्न फेलोशिप हेतु छात्रों के पीजी प्रथम वर्ष के प्रदर्शन/परीक्षाफल को आधार माना जायेगा।

कुलपति प्रो.रावत ने सभी संकायाध्यक्षों को निर्देश दिया कि वह अपने-अपने संकायान्तर्गत आने वाले विभागों में नियमित रूप से निरीक्षण करें और सभी विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों की पूरे समय तक उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और इस हेतु हर संभव प्रयास किया जाए।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

# उत्तराखंड की प्रमुख नाट्य व सांस्कृतिक संस्था युगमंच के जहूर आलम को मिला संगीत नाटक अकादमी अवार्ड

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





देवभूमि उत्तराखंड की प्रमुख नाट्य व सांस्कृतिक संस्था युगमंच के संस्थापक सदस्य जहूर आलम को बुधवार को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने संगीत नाटक अकादमी अवार्ड प्रदान किया, जिसमें उन्हें ताम्र पत्र, अंगवस्त्र तथा एक लाख की पुरुस्कार राशि प्रदान की गयी।

उन्हें यह पुरुस्कार नाट्य विधा में सर्वश्रेष्ठ नाट्य निर्देशन के लिए प्रदान किया गया है। दूसरी ओर वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम को अवार्ड मिलने पर नैनीताल समेत उत्तराखंड के रंगकर्मियों व उनके शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।

बता दें कि इससे पहले यह पुरस्कार कुमाऊं से संबंध रखने वाले मोहन उप्रेती, बृजमोहन शाह तथा दीवान सिंह बजेली को मिला हुआ है। परंतु यह पुरस्कार इन सब को संगीत एवं नाटक के क्षेत्र में दिल्ली में कार्य करते हुए मिला है। खास बात यह है कि पहली बार यह पुरस्कार वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम को दूरस्थ पहाड़ों में काम करते हुए मिला है जो पुरस्कार की गरिमा एवं महत्व को और भी बढ़ा देता है। वर्तमान में रंगकर्मी जहूर आलम कुमाऊं में आयोजित होने वाली हर सांस्कृतिक गतिविधि में बिना दिखावे के सहजता के साथ संलग्न रहते हैं और उत्तराखंड की विविध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं इसलिए उनको मिले इस सम्मान से कुमाऊं के साथ-साथ उत्तराखंड के रंगमंच से जुड़े लोग आज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# प्राइवेट लोगों को दिये जा रहे बोरिंग की अनुमति पर रोक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने भवाली में पानी की समस्या को लेकर अधिवक्ता राहुल कंसल के पत्र का स्वत: संज्ञान लेकर जनहित के रूप में सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 5 जून (बुधवार) की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार अधिवक्ता राहुल कंसल ने मुख्य न्यायधीश को पत्र भेजकर कहा है कि भवाली शहर पानी की समस्या से जूझ रहा है। पहले शहर में दो समय पानी आता था फिर उसे एक समय कर दिया अब दो दिन में एक बार आ रहा है। जिसकी वजह से लोगो को काफी समस्या हो रही है। पत्र में ये भी कहा है कि भवाली में पानी की सप्लाई शिप्रा नदी से होती है परन्तु नगर पालिका भवाली ने नदी की सतह पर कंक्रीट किया जा रहा है जिसकी वजह से नदी में पानी नहीं रुक रहा है । पत्र में यह भी कहा है कि जल संस्थान ने श्यामखेत व अन्य जगहों पर प्राइवेट लोगों को बोरिंग करने की अनुमति दे दी है जिसकी वजह से नदी में पानी नहीं आ रहा है और शहर में पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। पत्र में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि शहर में पानी की नियमित सप्लाई की जाय। जल संस्थान द्वारा प्राइवेट लोगों को दिये जा रहे बोरिंग की अनुमति पर रोक लगाई जाय। नदी की सतह पर कंक्रीट नहीं किया जाय।

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## वनाग्नि के दुष्परिणाम

*वैज्ञानिकों ने कहा कि वातावरण में एयरोसोल बढ़ने से ऋतु चक्र बदल रहा है और प्री-मानसून जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इस खतरे से निपटने के लिए जंगलों को वनाग्नि से बचाने के ठोस उपाय करना बेहद जरूरी है। जलवायु परिवर्तन से पर्वतीय क्षेत्र पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभाव से सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। आश्चर्यजनक यह है कि एक तरफ वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन से चिंतित हैं और दूसरी तरफ पेड़ों को काटने वालों पर रोक लगाने के सभी प्रयास विफल साबित हो रहे हैं। पेड़ कटने और वनाग्नि से प्राकृतिक जलस्रोत सूख रहे हैं। हिमालय की गोद में रहने वाले पेयजल के लिए तरस रहे हैं।*

जलवायु परिवर्तन और तापमान में वृद्धि के अनेक कारण हैं और इससे भविष्य में बहुत तरह की कठिनाइयां उत्पन्न हो जायेंगी। उत्तराखंड में जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण पेड़ों का अवैध कटान, वनाग्नि और जंगल का क्षेत्र सिमटना है। इस साल शीतकाल में हिमपात और वर्षा नगण्य रही। ऊंची पर्वत चोटियों पर मामूली बर्फबारी हुई है। निचले क्षेत्रों में हिमपात और बारिश नहीं होने से बागवानी और कृषि पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ है। इसी बीच फायर सीजन शुरू होने से पहले उत्तराखंड में आग से जंगल धधकने लगे। शीतकाल में वनाग्नि से तापमान में वृद्धि हुई। कार्बन उत्सर्जन से जलवायु का प्रभावित होना लाजिमी है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि ग्लेशियर पिघलने से उच्च हिमालयी क्षेत्र में झील बन रही हैं। वर्ष 2013 की तरह श्रीकेदारनाथ धाम जैसी आपदा के खतरे का संकेत मिल रहा है। वनाग्नि से बड़े वृक्षों के साथ जंगल में अमूल्य जड़ी-बूटियां भी नष्ट हो जाती हैं। जंगल में आग स्वतः नहीं लगती है। लकड़ी माफिया जंगल में पेड़ काटकर साक्ष्य नष्ट करने के लिए आग लगाते हैं। जंगल नष्ट करने में माफिया के साथ वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत रहती है। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबिलिटी ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज इन हिमालयन रीजन विषय पर आयोजित सेमीनार में वैज्ञानिकों ने कहा कि वातावरण में एयरोसोल बढ़ने से ऋतु चक्र बदल रहा है और प्री-मानसून जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इस खतरे से निपटने के लिए जंगलों को वनाग्नि से बचाने के ठोस उपाय करना बेहद जरूरी है। जलवायु परिवर्तन से पर्वतीय क्षेत्र पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभाव से सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। आश्चर्यजनक यह है कि एक तरफ वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन से चिंतित हैं और दूसरी तरफ पेड़ों को काटने वालों पर रोक लगाने के सभी प्रयास विफल साबित हो रहे हैं। पेड़ कटने और वनाग्नि से प्राकृतिक जलस्रोत सूख रहे हैं। हिमालय की गोद में रहने वाले पेयजल के लिए तरस रहे हैं। शीतकाल में हिमपात होने से पहाड़ के बगीचों में विभिन्न फलों का उत्पादन बढ़ता है और स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ होता है। हिमपात से जलस्रोत भी रीचार्ज होते हैं। इस बार पहाड़ की झीलों और नदियों में जल स्तर गिर गया है। ग्रीष्मकाल में पर्वतीय क्षेत्र के साथ भाबर और तराई में भी जल संकट की आशंका व्यक्त की जा रही है। यदि जंगलों की आग पर काबू नहीं किया गया तो ग्रीष्मकाल में स्थिति बहुत खतरनाक हो जायेगी। पर्यटन पर प्रभाव पड़ने के साथ ही अमूल्य वन संपदा नष्ट हो जायेगी। पिछले कई साल से जंगल में आग की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है।

# नारी शक्ति वंदन समारोह कार्यक्रम का समापन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर मंडल महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल के निर्देशन अनुसार आयोजित नारी शक्ति वंदन समापन समारोह का कार्यक्रम के. वी. एम. स्कूल मुखानी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नगर मंडल महिला मोर्चा हल्द्वानी राशि जैन द्वारा की गई।

जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन समापन समारोह का सीधा प्रसारण प्रसारित हुआ। 200 महिलाओं के साथ नारी शक्ति वंदन समापन कार्यक्रम देखा गया और सुना गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्षअलका जीना, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवार, नगर महामंत्री मधुकर, पूर्व ब्लाक प्रमुख शांति भट्ट ,अनुसूचित



मोर्चा के जिला महामंत्री रविंद्र बाली, रेनू टंडन, कामायनी मिश्रा, अमिता अग्रवाल ,गीता जोशी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री चित्रां सुयाल एवं भावना गुप्ता के द्वारा किया गया। महिला मोर्चा नगर की पदाधिकारी बीनू जायसवाल, ज्योति सक्सेना, चंपा बुधला कोटी, गुंजन सदना, जोगिंदर कौर, दीप्ति गुरुरानी,आकांक्षा भटनागर, रीना बाली, स्नेहलता गुप्ता, किरण कश्यप, बिंदेश गुप्ता सभी भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी की उपस्थिति रही।

## युवती के अपहरण मामले की जांच राजस्व पुलिस से रेग्यूलर पुलिस को मिली

**नैनीताल** । जिले के कोटाबाग ब्लाक के तोक तोला ग्राम तल्ला बगड़ में शुक्रवार को एक युवती के अपहरण मामले की जांच राजस्व पुलिस से रेग्यूलर पुलिस को मिल गई है। मामले में पुलिस जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि बीते शुक्रवार को नैनीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों नें लापता हो गई थी। 24 घंटे की खोजबीन के बाद राजस्व पुलिस की ओर से युवती की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी। जिसके बाद युवती नैनीताल के एक होटल से बरामद की गई । युवती के साथ ही एक युवक को भी पकड़ा गया। जिसके खिलाफ अपहरण की धाराएं लगाकर कोर्ट में पेश किया गया।

कोर्ट से युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जिसके बाद मामले को राजस्व पुलिस से रेग्यूलर पुलिस को सौंप दिया था। बुधवार को मामला पुलिस के पास आ गया है। कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि मामला पुलिस को मिल चुका है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में बीती रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गयी। मारपीट में एक पक्ष के दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। चोटिल पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवकों पर पत्थर से हमला करने के आरोप लगाए है। मामले में पापुलर कंपाउंड निवासी मोहम्मद परवेज ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि मंगलवार रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर दोस्त चंदन राम के साथ घर की ओर जा रहे थे। गाड़ी पड़ाव के समीप अचानक चलते हुए वह एक युवक से टकरा गया। यह देख उसके साथी गाली गलौच पर उतर आए। जब उन दोनों ने विरोध किया तो युवक व उसके अन्य दो साथियों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक युवक ने पत्थर से दोनों के सिर पर हमला कर गंभीर रुप से चोटिल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने दूसरे पक्ष को कोतवाली बुलाया तो वह भी मारपीट के आरोप लगाने लगे। कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि दोनों पक्षों का आपसी रजामंदी से समझौता हो गया। कार्वाई नहीं चाहने पर दोनों पक्षों के युवकों को छोड़ दिया गया।

# 8 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी के आरोपी की जमानत खारिज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार की अदालत ने बुधवार को जमा निवेशकों/ ग्राहकों से 8 करोड़ से अधिक रूपये की धोखाधड़ी करने वाले चिटफंड कंपनी के निदेशक अरविंद पंत की जमानत खारिज कर दी है ।

मामले में अभियोजन पक्ष द्वारा बताया गया कि 21 फ रवरी 2023 को थाना हल्द्वानी में चम्पा बिष्ट पत्नी टीकम सिंह बिष्ट निवासी करायल, चतुर सिंह राजा.रानी विहार फेस.1 पो0ऑ0 आनन्दपुर हल्द्वानी जिला नैनीताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि अरविन्द्र पंत पुत्र नारायण पंत निवासी सोल्जर्स कॉलोनी बिठोरिया नं0.1 हल्द्वानी ने झांसा देकर विजन सोशियल सोसाईटी में सहायक के पद पर नियुक्त किया। जिसके बाद उसके पडोसियों व रिश्तेदारों से पैंसा दुगुना करने के नाम पर आर डीएएफ डी



आदि बनाई, लेकिन आरडी व एफडी मैच्यूर होने के बाद पैंसा नहीं लौटाया और कम्पनी का निदेशक अरविंद पन्त फ रार हो गया।

जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने तर्क रखा कि आरोपी ने क्षेत्र के जमाकर्ताओं ने लगभग 8 करोड रूपया अभियुक्त की उक्त सोसाईटी में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत जमा किया लेकिन परिपक्वता अवधि पूर्ण से पूर्व ही वर्तमान अभियुक्त अरविन्द पंत एवं सह अभियुक्त संतोष पंत अध्यक्ष, आनन्द मेहरा महासचिव व अन्य सोसाईटी के जिम्मेदार पदों पर आसीन अधिकारीगण कम्पनी की शाखा बंद कर गायब हो गये और कोई धनराशि वापस नहीं की। अभियुक्त के विरूद्ध उपरोक्त मामले से संबंधित जनपद बागेश्वरए अल्मोड़ा व बागेश्वर में 6 अन्य मुकदमे उक्त धाराओं के अन्तर्गत दर्ज हैं। अभियुक्तगणों के विरूद्ध यह भी साक्ष्य है कि वह सोसाईटी के अन्तर्गत आर0बी0आई0 के नियमों के अनुसार बैंकिंग अथवा गैर बैंकिग कम्पनी के रूप में रजिस्टर्ड ना होने के कारण उक्त कार्य करने के लिए अधिकृत नहीं थे । आरोपी अरविन्द पंत व सह.अभियुक्तों द्वारा आर्थिक अपराध कर भारतीय अर्थ व्यवस्था को भी पूर्ण रूप से प्रभावित किया है। ग्राहकों के 8 करोड़ रूपये एवं मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला एवं सत्र यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार द्वारा अभियुक्त अरविन्द पंत का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज किया।

# फिल्मी दुनिया



## अजय देवगन ने शैतान के लिए छोड़ दी थी फैमिली हॉलीडे

*अजय देवगन स्टारर शैतान रिलीज के लिए तैयार है। इस हॉरर थ्रिलर फिल्म की एडवांस बुकिंग भी जारी है। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद दर्शकों में इसे लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। अब सबकी नजर फिल्म के फर्स्ट डे की ओपनिंग कलेक्शन पर टिकी है। फिल्म 8 मार्च यानी कल बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म की स्टारकास्ट शैतान के प्रमोशन में व्यस्त है, इसी दौरान एक साक्षात्कार में अजय ने बताया कि वे शैतान को लेकर कितने गंभीर थे। दरअसल, फिल्म शैतान की शूटिंग के लिए अजय ने अपनी फैमली छुट्टी को कम कर दिया था, ताकि फिल्म की शूटिंग और उसकी निर्माण प्रक्रिया में देरी न हो। इसका खुलासा खुद अजय देवगन ने किया। गौरतलब है कि शैतान की शूटिंग बीते साल अप्रैल में शुरू हुई थी। शैतान गुजराती हिट फिल्म वश की हिंदी रीमेक है। अजय देवगन के अनुसार, जब निर्माता कुमार मंगत और अभिषेक पाठक ने अजय देवगन को इस फिल्म के बारे में बताया तो उन्होंने तुरंत हां कर दी थी। गौरतलब है कि शैतान के साथ अजय देवगन हॉरर फिल्मों में एंट्री करने जा रहे हैं।*

### अब तक की सबसे डरावनी फिल्म

*शैतान में अजय देवगन के अलावा आर माधवन, ज्योतिका और जानकी बोदीवाला मुख्य भूमिका में हैं। मेकर्स का दावा है कि शैतान अब तक की देखी गई सबसे डरावनी फिल्मों में से एक है। फिल्म को सर्टिफिकेट दिया गया है। फिल्म का रनटाइम 2 घंटे 12 मिनट 15 सेकेंड (132:15 मिनट) है।*

## बार एसोसिएशन के चुनाव शुरू, 4 बजे से होगी मतगणना

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बार एसोसिएशन हल्द्वानी के लिए मतदान शुरू हो गया है। 14 पदों पर 30 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। अध्यक्ष पद पर किशोर पंत और गोविंद सिंह बिष्ट के बीच मुकाबला होगा। जबकि सदस्य (महिला) पद पर नीलू शर्मा निर्विरोध चुन ली गई है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सोलंकी, सुनील सिंह पुंडीर, संजय कुमार, जितेंद्र सिंह बोरा और संजय कुमार के लिए वोटिंग होगी। वहीं सचिव पद पर मोहन सिंह बिष्ट, संतोष कुमार नेगी, ललित मेर, व जितेंद्र सिंह बिष्ट, महिला उपाध्यक्ष पद पर भगवती पलड़िया व सुलक्षणा श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव पद पर योगेश कुमार लोहानी, विपिन कुमार व प्रदीप लोहनी, संयुक्त सचिव प्रेस के लिए योगेश कुमार पाठक, रविंद्र पाल सिंह तोमर, सुधांशु तिवारी, कोषाध्यक्ष पद पर आदित्य कुमार व चंदन बोरा, लेखाधिकारी पद पर राजेंद्र प्रसाद पांडे व गौरव सिंह बिष्ट, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर बशीरत जहां, मो. आसिपफ सिद्दीकी, भरत सिंह बिष्ट और सदस्य पद पर पंकज कंबडवाल, मोहित पांडे, लोकेश राज चौधरी, हरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार सागर, विवेक कुमार गुप्ता, विनोद कुमार श्रीमाली के बीच मुकाबला है। गुरूवार को अपरान्ह तीन बजे तक मतदान होगा इसके बाद 4 बजे से मतगणना के बाद परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

### पत्रकार आशुतोष को जबरन गिरफ्तार करने पर निंदा की


**नैनीताल।** अंकिता भंडारी केस कै लड़ाई लड़ रहे पत्रकार आशुतोष नेगी को पौड़ी पुलिस द्वारा जबरन गिरफ्तार किए जाने पर उत्तराखंड महिला मंच नैनीताल ने कड़े शब्दों में निंदा करता है। मंच की वरिष्ठ सदस्य माया चिलवाल के मुताबिक जब से अंकिता हत्याकांड हुआ है तब से ही पत्रकार आशुतोष नेगी जोकि स्वयं भी अंकिता के गाँव के ही हैं, लगातार अंकिता के माता-पिता के साथ न्याय की इस लडाई में उनके साथ हैं। उन्होंने जब से हाइकोर्ट में इस मुद्दे को लेकर रिट दायर की थी तब से ही उन पर इस तरह के व्यक्तिगत आरोप लगाए जा रहे हैं

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



परिवार महाशिवरात्रि के महापर्व पर
शिव भक्तों के लिए हरिद्वार से लेकर आ रहा है

# शिव अमृत गंगा जल




-:सहयोग:-

KHRC
Jungle Fiesta
You choose we serve
HM
www.hmfoodsindia.com
A - ONE INDUSTRIES
UPVC DOORS & WINDOWS SYSTEMS
K.V.M. Public School
Vindhyavasini Paints & Hardware
Kaladhungi Road, Haldwani
UNIVERSAL CONVENT
SENIOR SECONDARY SCHOOL
SANWAL
SPEECH AND HEARING
A Super Specialty Clinic Of Speech & Hearing
Happinezz Village
CYNTHIA SR. SEC. SCHOOL
अंकुर मोटर
बरेली रोड, हल्द्वानी
ST. LAWRENCE SR. SEC. SCHOOL
PMS
POORANMAL & SONS
अतिथि रैस्टोरेंट
रामपुर रोड, हल्द्वानी
Pradeep's Academy
डा० मोहन तिवारी
तिवारी मैटरनिटी सेंटर
मुखानी
Buransh
MATTRESS
BEERSHEBA SENIOR SECONDARY SCHOOL
बेला तोलिया
जिला पंचायत अध्यक्ष
नैनीताल
प्रेमा सनवाल
सामाजिक कार्यकर्ता
मुखानी
THE MASTERS SCHOOL
New Pearls School
OASIS
THE WORLD SCHOOL
WISDOM
Sr. Secondary School
KS PACKAGING
Guljarpur, Banki, Kaladhungi
फैशन हब

## प्रात: 8 मार्च 2024

## निम्न मंदिरों पर गंगाजल वितरण होगा

- प्राचीन श्री शिव मंदिर, मंगल पड़ाव।
- श्री शिव मंदिर, मुखानी।
- श्री कालूसिद्ध मंदिर, कालाढूंगी रोड।
- श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर, पटेल चौक।
- श्री सिद्धेश्वर मंदिर, नीलियम कालोनी।
- श्री सत्यनारायण मंदिर, भोलानाथ गार्डन।
- श्री बेलबाबा मंदिर, रामपुर रोड।
- श्री लटूरिया आश्रम मंदिर, बरेली रोड।
- श्री पंचेश्वर मंदिर, आवास विकास।
- श्री आंवलेश्वर महादेव मंदिर, शंकर चौक।
- प्राचीन श्री राम मंदिर, रामलीला मोहल्ला।
- श्री भूमिदेव मंदिर, चौधरी कालोनी।
- श्री शिव मंदिर, शीशमहल काठगोदाम।
- श्री उजालेश्वर मंदिर, उजाला नगर।
- श्री खाटू श्याम मंदिर, मुखानी।
- श्री कालिका मंदिर, गौजाजली, बिचली रोड, हल्द्वानी।
- श्री नागेश्वर महादेव मंदिर, नागेश्वर महादेव कालोनी, बरेली रोड।
- श्री शिव मंदिर, मंडी गेट, हल्द्वानी।



अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:–
9410376837